# राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील, में अन्तर-महाविद्यालय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का समापन



Byadmin

NOV 19, 2023



**Spread the love**

**शिमला 19 नवंबर 2023** अन्तर- महाविद्यालय ताईक्वांडो चैंपियनशिप में महिला वर्ग में राजकीय महाविद्यालय सोलन तथा पुरूष वर्ग में पी. जी. सेन्टर शिमला रहे विजेता



राजकीय महाविद्यालय धामी, 16 मील, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर-महाविद्यालय ताईक्कांडो प्रतियोगिता का आज दिनाँक 19-11-2023 को सफल समापन हुआ।



प्रोफेसर हरि सिंह, निदेशक शारीरिक शिक्षा व युवा कार्यक्रम समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेले ही उन्हें नशे से दूर रख सकती हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपना खेल बजट 20 लाख वार्षिक बढ़ कर खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने अतिथियों व प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का स्वागत किया और कहा कि अत्यंत सौहार्दपूर्ण व अनुशासनात्मक माहौल में यह प्रतियोगिता खेली गई। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीत-हार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।



जो जीवन के जरूरी पाठ पढ़ाते हैं पुरुष और महिला दोनों ही वर्गों में यह प्रतियोगिता, आठ-आठ भार श्रेणियों में खेली गयी। जिसमें महिलाओं में धामी महाविद्यालय की हिमानी, पीजी सेन्टर शिमला की अंकिता चौहान, सोलन कॉलेज की पारुल, हमीरपुर कॉलेज की आकांक्षा, गौतम कॉलेज हमीरपुर की आरजु, सोलन कॉलेज की सृष्टि, पालमपुर कॉलेज की रानी, तथा देहरी कॉलेज की रितिका ने क्रमशः 46, 49, 53, 57, 62, 67, 73 से कम व 73 से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह पुरुष वर्ग में एस एल एस एम सुंदरनगर कॉलेज के विजय, धर्मशाला कॉलेज के आकाश, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के



आशीष ठाकुर, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अनुराग ठाकुर, बैजनाथ कॉलेज के पंकज, गौतम कॉलेज हमीरपुर के आशीष कुमार, पालमपुर कॉलेज के नीतीश कटोच, सुंदरनगर कॉलेज के शुभम ने क्रमश: 54, 58, 63, 68, 74, 80, 87 से कम तथा 87 से अधिक भार श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किए।



प्रतियोगिता के आयोजक सचिव डॉ. रमेश चौहान अतिथियों के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।